कार्यालय निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान,अजमेर

[प्रभाग–4, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , उदयपुर]

15

क्रमांक : शैप्रौवि/अज/विद्यालय प्रसारण/2019–20/४२८–४५९ दिनांक–07.09.2019

समस्त
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
....

विषय– विद्यालय प्रसारण कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि संलग्न पत्र आपके क्षेत्राधीन समस्त विद्यालयों के संस्था प्रधान को प्रेषित कर कार्यक्रम सुनवाये जाना सुनिश्चित करावे।

संलग्न–सभी विद्यालयों में प्रेषित किया जाने वाला पत्र

07/09/19
(सुश्री कमलेश यादव)
प्रभारी अधिकारी
शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान
अजमेर

क्रमांक : शैप्रौवि/अज/विद्यालय प्रसारण/2019–20/४६०–४७१ दिनांक–07.09.2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ

01 निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर
02 निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर
03 निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर
04 केन्द्र निदेशक आकशवाणी जयपुर/उदयपुर/जोधपुर/बीकानेर
05 प्रधानाचार्य डाईट गोनेर(जयपुर)/उदयपुर/जोधपुर/बीकानेर
06 वरिष्ठ सपांदक शिविरा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर
07 रक्षित पत्रावली

07/09/19
(सुश्री कमलेश यादव)
प्रभारी अधिकारी
शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान
अजमेर

www.rajteachers.com

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान बीकानेर

क्रमांकः–मुजिशिअ/बीका/निजी/2019/2391 दिनांकः–9/9/19

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त पीईईओ/संस्थाप्रधान

को भेजकर लेख है कि पत्र की अक्षरश पालना करवाई जानी सुनिश्चित् करें।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
बीकानेर

कार्यालय निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान,अजमेर

[प्रभाग–4, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद , उदयपुर]

समस्त संस्था प्रधान
रा.प्रा / उ.प्रा / मा / उ.मा वि

विषय– विद्यालय प्रसारण कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति बाबत।

महोदय,

शिक्षा विभाग के शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान अजमेर एवं आकाशवाणी के सहयोग से विगत कई वर्षों से विद्यार्थियों,अध्यापक, अभिभावक एवं अन्य श्रोतागण के हितार्थ दोपहर 12.40 से 1.00 बजे तक प्रत्येक विद्यालयी कार्य दिवस पर विद्यालय प्रसारण कार्यक्रम संचालित किया जाता है जिसे रेडियो/टू इन वन के माध्यम से आकाशवाणी के जयपुर अजमेर(603 Khz), जोधपुर(531 Khz), उदयपुर(1125 Khz) व बीकानेर (1395 Khz) केन्द्रों पर सुना जा सकता है। इस सत्र हेतु भी इस कार्यक्रम का प्रारंभ दिनांक–01.07.19 से माननीय शिक्षा राज्यमंत्री श्री गोविन्द सिंह जी डोटासरा के प्रेरणास्पद संदेश से हो चुका है।

कार्यक्रम के तहत तीन प्रकार के पाठों का प्रसारण किया जाता है–

1. **पाठ्यक्रम आधारित पाठ–** इसके तहत राजकीय विद्यालयों में पढाये जा रहे कक्षा 3 से 12 तक के विभिन्न कक्षा,विषय एवं पाठों का चयन कर पाठों का आलेखन व रिकॉर्डिंग करवाकर प्रसारण किया जाता है।
2. **गैर पाठ्यक्रम आधारित पाठ–** इसके तहत शिविरा पंचाग आधारित उत्सव, जयन्तियां, त्यौहार,राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ,शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाएं आदि पर आधारित जानकारी प्रसारित की जाती है।
3. **परीक्षामाला–** इसके तहत कक्षा–5,8,10 व 12 के विभिन्न चयनित विषयों के संबंध में परीक्षा तैयारी से संबंधित जानकारी पर आधारित पाठ आलेखित व रिकॉर्डिंग करवाकर प्रसारित किया जाता है।

इस प्रकार वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमानुसार प्रसारण किया जाता है जिसकी सूचना वार्षिक शिविरा पंचाग में भी प्रकाशित की जाती है एवं प्रतिदिन का प्रसारण कार्यक्रम प्रत्येक माह की प्रकाशित होने वाली शिविरा पत्रिका में प्रकाशित होता है।

इस कार्यक्रम की उपयोगिता इसे सुनने सुनाने से ही है अतः सभी संस्था प्रधान अपने विद्यालय में कार्यक्रम को अनिवार्यतः सुनवाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

समस्त अधिकारी भी अपने निरीक्षण कार्यक्रम में इस कार्यक्रम की भी जानकारी कर कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति एवं इसे उपयोगी बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम संबंधित रिकॉर्ड संधारण एवं प्रतिक्रियाएं प्रेषित किये जाने हेतु आवश्यक प्रपत्र भी शीघ्र ही प्रेषित किये जा रहे हैं। जिनमें उल्लेखित निर्देशानुसार सभी संस्था प्रधान/प्रभारी जानकारी/प्रतिक्रियाएं/प्रपत्र अनिवार्यतः समय पर शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग,राजस्थान अजमेर को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

07/09/19

(सुश्री कमलेश यादव)
प्रभारी अधिकारी
शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान
अजमेर

www.rajteachers.com

... 0145-2627591 ई-मेल ... etcellajmer@gmail.com , hod det sıert@rajasthan gov